भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1459 का उत्तर

बालाघाट से रेलगाड़ी

1459. डॉ. ढालसिंह बिसेनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बालाघाट (मध्य प्रदेश) वाया गोंडिया से इतवारी नागपुर तक चलने वाली रेलगाड़ी को अगस्त से बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार जनता की सुविधा के लिए शाम को बालाघाट (मध्य प्रदेश) से इतवारी नागपुर से बालाघाट एक नई रेलगाड़ी को लोक हित में प्रारंभ करने का विचार करेगी; और

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक प्रारंभ किए जाने की संभावना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): परिचालनिक बाधाओं के कारण, 68714/68715 इतवारी-बालाघाट मेमू की सेवाएं 23.08.2019 से बंद कर दी गई हैं। बहरहाल, भारतीय रेल में रेलगाड़ियां चलाना एक सतत प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

******

sk